रासायनिक अस्त्र निषेध संगठन की एशिया बैठक नई दिल्ली में आयोजित

नई दिल्ली, 3 जुलाई 2025:

- रासायनिक अस्त्र निषेध संगठन (ओपीसीडब्ल्यू) द्वारा एशिया के 24 सदस्य देशों के राष्ट्रीय प्राधिकरणों की 23वीं क्षेत्रीय बैठक 1 से 3 जुलाई 2025 तक नई दिल्ली में आयोजित की गई। बैठक में ओपीसीडब्ल्यू के वरिष्ठ अधिकारी, राष्ट्रीय प्राधिकरणों के प्रतिनिधि, और भारत सरकार के अधिकारियों ने भाग लिया।
- इस बैठक का उद्देश्य रासायनिक अस्त्र समझौते (सीडब्ल्यूसी) के कार्यान्वयन में क्षेत्रीय सहयोग को सुदृढ़ करना और सर्वोत्तम प्रथाओं तथा अनुभवों का आदान-प्रदान करना था। तीन दिवसीय बैठक में विधायी ढांचे, रासायनिक सुरक्षा, और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग पर चर्चा की गई।
- भारत इस समझौते का मूल हस्ताक्षरकर्ता है और एनएसीडब्ल्यूसी इसके कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार राष्ट्रीय प्राधिकरण है। इस बैठक के माध्यम से रासायनिक अस्त्र निषेध के लिए एशियाई देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा दिया गया।

रासायनिक हथियार निषेध संगठन (OPCW) क्या है ?

- रासायनिक हथियार निषेध संगठन (OPCW) एक अंतरसरकारी संगठन है, जो रासायनिक हथियारों के निषेध हेतु रासायनिक हथियार कन्वेंशन (CWC) का कार्यान्वयन करता है। इसका मुख्यालय नीदरलैंड्स के हेग शहर में स्थित है।

- **स्थापना:** 1997 में
- **सदस्य देश:** 193 देश (भारत सहित)

OPCW के कार्य

- निगरानी और सत्यापन: OPCW यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी देश रासायनिक हथियारों का निर्माण या उपयोग नहीं कर रहा।
- मदद और सुरक्षा: अगर कोई देश रासायनिक हथियारों के हमले का शिकार होता है, तो OPCW मदद करता है।
- शांतिपूर्ण उपयोग का बढ़ावा: रासायनिक विज्ञान का इस्तेमाल शांति के उद्देश्य से बढ़ावा दिया जाता है।

पुरस्कार

- OPCW को 2013 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, क्योंकि इसने रासायनिक हथियारों को नष्ट करने में बहुत बड़ा काम किया था।

भारत की भूमिका

- भारत ने रासायनिक हथियारों पर प्रतिबंध लगाने के लिए OPCW के साथ मिलकर काम किया है और रासायनिक हथियार कन्वेंशन अधिनियम 2000 के तहत अपनी नीतियां बनाई हैं।
- यह संगठन दुनिया भर में रासायनिक हथियारों के खात्मे के लिए काम करता है और इसके लिए हर सदस्य देश को जिम्मेदारी निभानी होती है।

प्रश्न: निम्नलिखित में से कौन सा कथन रासायनिक हथियार निषेध संगठन (OPCW) के बारे में सही है?

A. OPCW का मुख्यालय जेनिवा, स्विट्ज़रलैंड में स्थित है।
B. OPCW की स्थापना 1997 में रासायनिक हथियार निषेध संधि (CWC) के तहत की गई थी।
C. OPCW के सदस्य केवल उन देशों को बन सकते हैं जो रासायनिक हथियारों का उपयोग करते हैं।
D. OPCW का काम केवल रासायनिक हथियारों के उत्पादन पर निगरानी रखना है, न कि उनका नष्ट करना।

- उत्तर: B) OPCW की स्थापना 1997 में रासायनिक हथियार निषेध संधि (CWC) के तहत की गई थी।